तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मामराज सिंह **बनाम** ग्राम पंचायत पण्डितपुरा अपील संख्याः– जीसीएमएस नम्बर 2011/00064	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.04.26	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट अनुपस्थित। प्रकरण में अधिवक्ता अपीलान्ट को आवाज लगवाई गई। पुनः रूक रूककर आवाजें लगवाई गई फिर भी अधिवक्ता अपीलान्ट अनुपस्थित है एवं अपीलार्थी या उनकी ओर से अन्य कोई और भी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिससे विदित होता है कि प्रकरण वर्ष 2011 से रेस्पोडेन्ट की तलबी में विचाराधीन चल रहा है। अधिवक्ता अपीलान्ट द्वारा तलबी नोटिस पेश नही किये गये है। अधिवक्ता अपीलान्ट आज अनुपस्थित है तथा अपीलार्थी की ओर से अन्य कोई भी उपस्थित नही है। उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा पत्रावली बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हों। आदेश सुनाया गया। (वे.सरवण कुमार) संभागीय आयुक्त, जयपुर। संभागीय आयुक्त जयपुर	